उत्तराखंड

बदरीनाथ धाम में बनेगा स्मार्ट स्प्रिच्यूल हिल टाउन,जानिए क्या है सरकार की प्लानिंग

हिन्दुस्तान टीम, देहरादून
Published By: Himanshu Kumar Lall

Tue, 17 Aug 2021 12:33 PM

0:00 / 1:18

ऐप पर पढ़ें

बदरीनाथ धाम के विकास का रास्ता साफ हो गया है। इसके लिए तय मास्टर प्लान के अनुरूप कुल नौ सरकारी विभागों के 22 सरकारी भवन ध्वस्त होंगे। बदरीनाथ धाम को स्मार्ट स्प्रिच्यूल हिल टाउन के रूप में विकसित किए जाने को ये भवन ध्वस्त किए जाएंगे। कैबिनेट ने इन भवनों को ध्वस्त किए जाने के निर्णय पर मुहर लगाई। अकेले नगर पंचायत श्री बदरीनाथ के ही छह भवन ध्वस्त होंगे। इसमें एक नगर पंचायत गेस्ट हाउस, श्री बद्रीश युवा संगठन भवन, नगर पंचायत की दुकानें, स्टोर, कार्यालय शामिल हैं। राजस्व विभाग का भी एक गेस्ट हाउस ध्वस्त होगा। एक पटवारी भी ध्वस्त होगी।

पुलिस के पांच भवन, जल संस्थान तीन, जल निगम का एक भवन, लोनिवि, जीएमओयूएल, जीएमवीएन, मंदिर समिति का एक एक भवन ध्वस्त होगा। इन भवनों को ध्वस्त कर दूसरे स्थान पर दोबारा तैयार किया जाएगा। बदरीनाथ, केदारनाथ धाम के विकास को पीएमसी का गठन होगा। दोनों धामों कंसल्टेंसी का काम आईएनआई डिजायन स्टूडिया प्राइवेट लिमिटेड कंसल्टेंसी एजेंसी ही करेगी। बदरीनाथ धाम में भवनों के ध्वस्तीकरण का काम पहले चरण में होगा।

इस आर्टिकल को शेयर करें

Badrinath Dham | Badrinath Shrine | Master Plan

अगला लेख

कोविड कर्फ्यू:दो हफ्ते के लिए बढ़ी पाबंदियां,जानिए 19 अक्तूबर तक क्या होंगी गाइडलाइन्स

लाइव हिन्दुस्तान **टेलीग्राम** पर सब्सक्राइब कर सकते हैं।

आज का अखबार नहीं पढ़ पाए हैं?
हिन्दुस्तान का **ePaper** पढ़ें।

सब्सक्राइब करें हिन्दुस्तान का डेली न्यूज़लेटर

आपका ईमेल
सब्सक्राइब

अपडेट रहें हिंदुस्तान ऐप के साथ ऐप डाउनलोड करें

संबंधित खबरें

बदरीनाथ धाम के मास्टर प्लान पर भड़के तीर्थ-पुरोहित,पीएम से लगाई गुहार

विज्ञापन

ऐप पर पढ़ें